दूहा ॥ रिषि आवत नारद्द म,नि । लग्गे सब्बह पाइ ॥
फनपत्ती से दिष्षि करि । चरन पषालै आइ ॥ छं० ॥ १८०१ ॥

(१) ए. दूम ।　　(२) मो. वित्त ।

नारद मुनि का योगियों को प्रबोध करना।

दूहा ॥ मुनि प्रबोध मुनिजन कियौ । प्रति राक्षस कृत साप ॥
सो तुमकों लग्यौ सबै । तब रिष लग्गे ताप ॥ छं० ॥ १८०२ ॥

नारद का कहना कि तुम जैचन्द की सेवा करो वहां तुम युद्ध में प्राण त्याग कर साक्षात मोक्ष पावोगे।

विअष्षरी ॥ नारद रिषि उच्चरै सु बत्तं । सुनौ सबै इह इक करि चित्तं ॥
फिरि रिषि राज सु आयस दिद्धं । करौ तपस्या साधक [1]सिद्धं ॥
छं० ॥ १८०३ ॥

वरष बीस तुम तप्प सु तप्पे । एक चित्त करि अजया जप्पे ॥
तुम हौ छत्री जाति सबैं मुनि । तिहि आचरौ धार तीरथ फ,नि॥
छं० ॥ १८०४ ॥

और तप्प बहु काल अभ्यास । इंद्री ड,लै सबैं भ्रम नास ॥
धार तिथ्थ आदरै जु पत्री । सुष में पावै मुगति तुरत्ती ॥
छं० ॥ १८०५ ॥

धार तिथ्थ पहिलै छत्री धम्म। भू पर सबै और जानौ भ्रम ॥
कहौ कौन हम सों जुध आवै । देषत दूरिहु तें जरि जावै ॥
छं० ॥ १८०६ ॥

जग मध्ये जयचंद कमंद न्रप । अवनी उप्पर तास महा तप ॥
मानों इंद्र सरूप बिचारं । आयौ प्रथी उतारन भारं॥छं०॥१८०७॥
ता रिपु एक रहै चहुआनं । अवर सबैं न्रप सेवा मानं ॥
संभरि वै दिल्ली पति रज्जं । सौ सामंत सेव तिन सज्जं ॥
छं० ॥ १८०८ ॥

सो ढुंढा अवतारी भारी । ते तुम संमुह मंडै रारी ॥
जाउ तुम सेव जयचंद प्रति । एक लष्ष गढ़ तिन घर सोहति ॥
छं० ॥ १८०९ ॥

(१) ए. कृ. को.-चित्तं।

लष्ष असी तोषार पलानै । जग मध्ये तीनूं पुर जानै ॥
रषि सुनि बैन सबैं सुष पायौ । अच्छौ गुर उपदेस बतायौ ॥
छं० ॥ १८१० ॥

कवि का कहना कि ये लोग उसी समय से जैचन्द की सेना में रहते हैं।

दूहा ॥ रिषि आयस मंन्यौ सु रिष । संष चक्र धरि साज ॥
दिन प्रति सेवै गंग तट । सुनि विजपाल सु राज ॥ छं० ॥ १८११ ॥
मोर चंद्र मध्यै धरिय । जटा जूट जट बंधि ॥
संष बजावत सब्ब भर । सेवैं आइ कमंध ॥ १८१२ ॥

नारद ऋषि का जैचन्द के पास आना और जैचन्द का पूछना कि आपका आना कैसे हुआ।

बिअष्षरी ॥ धुज्जै भूमिरु अंबर गज्जै । तीन लष्ष वाजिच धुनिज्जै ॥
तुट्टि अकास तीन पुर भग्गै । जोग मायथौ जोगिनि जग्गै ॥
छं० ॥ १८१३ ॥

है षुर रज ढंकियैं सु अंबर । चढ़ै कमंध करि मेघाडंबर ॥
लष्ष पचास पड़ै हय पष्पर । हुअ मैदान मेर से भष्पर ॥
छं० ॥ १८१४ ॥

अग्गै जल पच्छै मिलि पंकं । सर वर नदी लादि सौं ठंकं ॥
पानी थान षेह उड्डै बहु । अंत कलष्प दूसी सुनियै कहु ॥
छं० ॥ १८१५ ॥

दस दिगपाल परैं भंगानं । मानव संस देव संकानं ॥
इन आडंबर चढ़ि कमधज्जं । आतपच ढंक्यौ उडि रज्जं ॥
छं० ॥ १८१६ ॥

यौं जयचंद तपै तट गंगा । नाम सुनंत होइ अरि पंगा ॥
नारद मुनि आये तिन ठामं । पंग उट्ठि तब कीन प्रनामं ॥
छं० ॥ १८१७ ॥

कुसल पुच्छि बहु सुष रिष किन्नं । चरन सु रज मस्तक न्रप दिन्नं ॥
किन कारन आए पुच्छै न्रप । भाग अज्ज मो नगर आय अप ॥
छं० १८१८ ॥
रिष्य कहै संभलि न्रप राजं । सावधान मन करे समाजं ॥
* * * । * * * छं० ॥१८१९॥

नारद ऋषि का शंखधुनी योगियों की कथा कह कर राजा को समझाना कि आप उनको सादर स्थान दीजिए।

दूहा ॥ नाद सु नारद जंपि इह । मुनि जैचंद विचार ॥
सहस एक षिची सु तन । सेवक तिलंग पंवार ॥छं०॥१८२० ॥
जीव एक देही उभय । अवतारी रजपूत ॥
जब पवांर परलोक गय । गह्यौ भेष अवधूत ॥ छं० ॥ १८२१ ॥
सागर तट तप सह्यौ । बरष उभै सित एह ॥
होम धेन राक्षस हतो । तिन डर डरो सु देह ॥ छं०॥१८२२॥
सब मिलि मरन विचारयौ । अगनि प्रवेस कुमार ॥
उभय भाग रिषि राज सुनि । हूं आयौ तिन बार ॥ छं० ॥१८२३॥
दहन बरज्यौ बोध दै । धारा [1]तिथ्थ सु सत्ति ॥
बेद पुरान प्रमान जुग । दस अट्ठह [2]संम्रत्ति ॥ छं० ॥१८२४ ॥

श्लोक ॥ जीविते लभ्यते लक्ष्मी । मृते चापि सुरांगणा ॥
क्षणं विध्वंसिनी काया । का चिंता मरणे रणे ॥ छं० ॥१८२५ ॥

कवित्त ॥ मुनि प्रबोध मन मानि । रिष्षि आये तुम पासं ॥
धारा तीरथ आदि । तहां साधन किय आसं ॥
मोर पंष जट मुगट । सिंगि संग्राम सु धारै ॥
मोह देह सब रहित । मरन दिन अंत विचारै ॥
कलहंत वार मिलकंत न्रप । संष नाद पूरंत सर ॥
जैचंद सेव आये सबै । [3]एक जीव उमया सु हर ॥छं०१८२६॥

(१) ए. कृ. को. तीरथ । (२) मो.-सुमृत्त ।
(३) मो.-" एक जीव उरभया सुहर" ।

नीसानी ॥ बषत बड़े कनवज्ज राय रिषि तेग गहाई।
संषधुनी सहसेक न्रप हुये जु सहाई॥
जब चल्लै संष सद्द दै गिरि मेर ढहाई।
लष्य असी मधि देषियै नारद बरदाई॥
ए अवतारी मुनी सबै पूरब पुनि पाई।
जब कोपे करि वार लै पुर तीन ढहाई॥
ए पराक्रमी सूरिमा हर उमया जाई॥ छं० ॥ १८२७॥

कवि का कहना कि तब से जैचन्द इन्हें अपने भाई के समान मान से रखता है।

दूहा ॥ राज पंग पय लग्गि करि। सब रष्षे निज पास॥
लष्य एक देही लहै। पुज्जै द्वादस मास॥ छं० ॥ १८२८॥
अति बर न्रप आदर करै। जेठा बंधव जोग[1]॥
तिनहि राज रष्षह रहै। ते छुटि अज जुध भोग॥
छं० ॥ १८२९॥

जैचन्द की आज्ञा पाकर शंखधुनियों का प्रसन्न होकर आक्रमण करना।

कवित्त ॥ न्रिप केहरि कंठेर। राय परताप पट्ट चढ॥
सिंधुअ राय पहार। राम षम्मार थट्ट थढ॥
कट्ठिय आस सुकाज। पत्त गुडीर नरत्ता॥
पह परवत पाहार। रहै सांषुला सुमत्ता॥
अनेक सेव पति संष धर। सहस एक बिन मोह मत॥
अग्या सुपंग किल क्रंत क्रमि। अप्प अप्प मुष उप्परत॥
छं० ॥ १८३०॥

शंखधुनियों का पराक्रम।

हय हय हय आयास। केलि सज्जी सुब्योम सिर॥
किल किलंत का मंकि। डक बज्जी सुहंस हर॥

(१) मो.-जोग।

ओर राह पति संघ । हकि असि तारीय तत्ते ।
मनहुं पात त्रिघघात । पत्ति सामंत सुसत्ते ॥
इम संत सेन अम्भय उभय । चाहुआन कमधज्ज कस ॥
उच्चरिग आन अप अप्प मुष । रुकि धार रत्त सुरस ॥
॥ छं० ॥ १८३१ ॥

युद्ध की शोभा और वीरों की वीरता वर्णन ।

विज्जुमाल ॥ पैदलह मंत रत्त । जु गुर सुलह जुत्त ॥
बंचित सुचंद छंद । विज्जूमालवि वंद ॥ छं० ॥ १८३२ ॥
विमल सकल व्योम । रजति सिरनि सोम ॥
[1]प्रगटि ताम सपंग । हलि मिल्लि झिल्लि गंग ॥ छं० १८३३ ॥
सुरत सेन सुलष्षि । निरषि परषि पिष्षि ॥
विहसि द्रिग्ग करूर । बाजित बिंब तूर ॥ छं० ॥ १८३४ ॥
मुंछति निरति भौंह । भौंह दु कुंतल सोंह ॥
दल सु समुद दूप । अचवन अगस्ति रूप ॥ छं० ॥ १८३५ ॥
हाकंत संघ सुधार । वहत विषम सार ॥
धार धार लगि धार । भररंत तुट्टी भार ॥ छं० ॥ १८३६ ॥
किननंत सिर निसार । अचल मनु आधार ॥
हवकि हवकि संग । अनी अनी लगि अंग ॥ छं० ॥ १८३७ ॥
विहल कराल कूप । क्रिषित काल सरूप ॥
बानैत संघ समंत । अरिग सूकर अंत ॥ छं० ॥ १८३८ ॥
सु वचि सामंत राज । अप अप इष्ट साज ॥
सुमिरंत बीर मंत । आइग सब सुनंत ॥ छं० ॥ १८३९ ॥
एकित सु तोन धारि । कड्ढिग सिरनि सार ॥
धरनि सु धर धोर । हक हाक बजि भार ॥ छं० ॥ १८४० ॥
नंचित चीर षंग । थह थेई थंग ॥
घन नंक सघन घंट । किलकंत [2]गोम कंट ॥ छं० ॥ १८४१ ॥
गिधिय अंत गहेस । अंत सु लगिय तेस ॥

(१) ए कृ. को-प्रगटित ताम संग । (२) मो.-मोम ।

मनों बल बाला रंग। उचरंत चारु चंग॥ छं०॥ १८४२॥
सु रचि जट्ठर सार। अद्धध उद्ध विहार॥
फार फार टरे फेफ। परति [1]पंषी रेफ॥ छं०॥ १८४३॥
हकित सिर बिकंध। नचित धर कमंध॥
नचित रचि जटाल। संचि सिरनि माल॥ छं०॥ १८४४॥
सकति अघाइ घोर। बजि राग घंट रोर॥
रमित रम सभंद। आनंद चिल्हय व्रंद॥
चुंगल ग्रहंत पल। चुंच बल लै कमल॥ छं०॥ १८४५॥

शंखधुनी योगियों के साम्हने भौंहा का घोड़ा बढ़ाना।

दूहा॥ बजत संष दह सत्त। सघन नीसान धुनक्किय॥
पावस रिति आगमन। सिषर सिषि जानि निरत्तिय॥
तिन अमित्त पौरष्ष। सहस सामंत बिअप्पिय॥
निठ्ठुर जैत नरिंद। स्वामि अग्गौ धपि द्दिप्पिय॥
हहकारि सीस भौंहा सु भर। गहि अकास नंष्यौ स हय॥
उड़ मंडल उत्त निरष्षयौ। मनो बाज पंषी सु भय॥छं०१८४६॥

मांसभक्षी पक्षियों का बीरों के सीस ले ले कर उड़ना।

दूहा॥ रुंड मुंड पल षंड [2]भुअ। मचि योगिनि बेताल॥
चिल्हनि भष जंबुक गहकि। हर गुंथी गल माल॥ छं०१८४७॥
लै चिल्ही धम्मिय सु भर। हैं हर मिट्टी रूप॥
बीर सीस चुंगल चंपे। गय [3]ग्रधन्न अनूप॥ छं०॥ १८४८॥

एक चील्ह का बहुत सा मांस ले जाकर चील्हनी को देना।

कवित्त॥ लै चिल्हन सिर बीर। बीर भारथ्थ देषि भर॥
को तर पर तिह थान। विषम प्रब्बत सु रंग बर॥
उंच हच्छ बट अति सु रंग। पंष [4]घूंसल अध विच्चं॥

(१) ए. कृ. का.-पंर्या। (२) ए. कृ. को.-हुअ।
(३) ए. कृ. को.-ग्रहधन्न। (४) ए. कृ. को.-घूंसन।

तिहिं सु तट्ट चौसट्ठि। देषि आरंभन रघ्घं ॥
जिम जिम सु मौस भष्षन कियौ। तिम तिम सुभष्षै तीम भुष्ष ॥
पल भष्षत छुड भष्षित सकल। आनंदी पंषी सुनिय॥छं०॥१८४९॥

चील्हनी का पति से पूछना यह कहां से लाए।

दूहा ॥ आनंदी पंषी सकल। चिल्हानी पुछि कंत ॥
कहि कहि गल्ह सु रंग बर। सुष दुष जीवन अंत ॥छं०॥१८५०॥
चिल्हानी बुल्लि पत्ति सों। [1]जमंती बरअंत ॥
बड़ गुरजन बत्ती सुनी। सो दिट्ठी दिषि कंत ॥ छं० ॥ १८५१ ॥

चील्ह का कहना कि जैसा अपने पुरुषों से प्राचीन कथा सुनता था सो आज आखों देखी।

कवित्त ॥ पुब्ब सुन्यौ बर कंत। जुड बलि राइ इंद्र बर ॥
तिपुर युद्ध संकरि विरुद्ध। भारथ्थ पंड भर ॥
चंद जुद्ध तारक्क। कन्ह समिपाल लंक रघु ॥
जरासिंध जदवनि। दक्ष नंदी जु जगी अघु ॥
हरि जुड बीर [2]बीत्यौ असुर। पुब्ब सेन जंप्यौ मुनिय ॥
दिट्ठौ सु कंत भारथ्थ मैं। पुब्ब पच्छ अब नह सुनिय ॥१८५२॥

चील्हनी का पूछना किस किस में और किस कारणवश यह युद्ध हुआ।

श्लोक ॥ कस्यार्थे कंत भावीति। वरणं कस्य सुंदरी ॥
कस्य वैर विरुद्धं सौ। कस्य कस्य पराक्रमं ॥ छं० १८५३ ॥

चील्ह का सब हाल कहना।

जय्य वैर विरुध्धंसौ। बरनं कृत्य रंभयौ ॥
प्रथीभारो पंगराजो। जोधा जोधंत भूषनं ॥ छं० ॥ १८५४ ॥

चील्ह का चील्हनी से युद्ध का वर्णन करना और उसे अपने साथ युद्ध स्थान पर चलने को कहना।

(१) ए. कृ. को उमंती। (२) मो.-चित्यौ।

चौपाई ॥ [1]जुथ्यो जुथ्थि पुलथ्थि प्रमानं । भर बजि गज्जि बीर लुटि थानं॥
हेरे संमर रंभ हकारी । कहो कंत मो पन उचारी ॥छं०१८५५॥
दूहा ॥ सुनि विवाद चिल्लो सु बर । धुनि सुनि वर भारथ्थ ॥
उमा कंति चौसट्ठि दिय । रहि ससु पुच्छिय कथ्थ ॥छं०॥१८५६॥
पद्धरी ॥ [2]उत्तरी चिल्ह भारथ्थ कथ्थ । चौसट्ठि सुनौ सुनि कंत तथ्थ ॥
नर भिरै जुद्ध देवनि मसान । उत मंग गुरें हकि सौस थान ॥
छं० ॥ १८५७ ॥
सुनि दिव्व दिव्व जुद्धह सयंन । षग षगति जुद्ध बन निसवंन ॥
रथ रथनि रथ्थ गज गजन जुट्ट । बाजीन बाजि नर नर अहुट्टि॥
छं० ॥ १८५८ ॥
वर सुन्यो देवि भारथ अपुव्व । उद्दित्त बीर देषत सब्ब ॥
इह रित्त सब्ब बाजित्त सार । तन सिद्धि दिंत जोगिनि सु तार ॥
छं० ॥ १८५९ ॥
डमरू डक्क बज्जै [3]अजूप । तुंमर पिसाच पल चर अनूप ॥
गावंत गीत जुग्गिनिय [4]थान । आदत्त जुद्ध चक्कै न भान ॥
छं० ॥ १८६० ॥
नारद नद वैताल [5]डक्क । वर बैर रंभ फिरि वरै चुक्क ॥
नच्चै कमंध हकंत सौस । पीसंत दंत बंभनी रीस ॥ छं०॥१८६१॥
आचिज्ज जुद्ध जो दिषत तथ्थ । उड़ि चलौ कंत चौसट्ठि सथ्थ ॥
*   *   *   *   ।   *   छं० ॥ १८६२ ॥
कवित्त ॥ सुनत कंत आनंद । बीर आनंद चवसठी ॥
लै चिलहनि चलि सथ्थ । जुद्ध पिष्षन दिवि उठी ॥
उठे सूर बल ग्रंह । बान अरजुन जिम विद्धत ॥
एक भार उभझार । एक संमुष [6]षग संधत ॥
तेगां अचंभ सुभझै [7]सपत । चाहथ्यौ प्रथिराज दिषि ॥

(१) मो.-छोयी छोभि । (२) को. उत्तरी ।
(३) मो.-अनूप । (४) ए. कृ. को.-गान ।
(५) ए.कृ.को रुक्क । (६) मो.-मग । (७) ए. कृ. को सपनु ।

मोहिनि संजोग पहुपंग सुर। भेंन रम्न चहुआन लिषि ॥
छं० ॥ १८६३ ॥

शंखधुनी योगियों के आक्रमण करने पर महा कुहराम मचना।

दस हजार बर मीर। पंग आयस फिरि अप्पिय ॥
छुटिय बान कम्मान। मेछ चावद्दिसि धप्पिय ॥
सबर सूर सामंत। बीर बीरं बिरझानं ॥
गज्ज जिमी बर पत्त। पत्त झंकुरिआ थानं ॥
आवद्ध बीर प्रथिराज बर। असम सिंह आहुत्त बल ॥
लगि पंच बान उप्पर सु धपि। अगनित दल भंजै सु षल ॥
छं० ॥ १८६४ ॥

बड़ी बुरी तरह से घिर जाने पर सामंतों का चिंता करना और पृथ्वीराज का सामंतों की तरफ देखना।

दूहा ॥ दुतिय बेर सामंत फिरि। देषि श्रोन धर धार ॥
मन चिंता अति चिंतवन। ढिल्ली ढिल्ली पार ॥ छं०॥१८६५॥

कवित्त ॥ बान श्रोन प्रथु बीर। बाल देषो अग्गी हुअ ॥
समन बीर बिच राज। बान उड़गन जु मद्धि धुअ ॥
इसी लोह विप्फुरै। जानि लग्गै बिय अग्गा ॥
फिरि नंष्यै है राज। सूर साही न्रप बग्गा ॥
मोरे सु मीर मोहिल परिग। षग्ग मग्ग वोहिथ्थ रिन ॥
बर कन्ह सलष भोंहा न्रपति। फेरि न्त्रिपति दिष्यौ सु तन ॥
छं० ॥ १८६६ ॥

पृथ्वीराज के सामंतों का भी जी खोल कर हथियार चलाना।

सूर पत्त दित संझ। सूर चिंती रस मग्गा ॥
बन कट्ठी जल जलनि। राज अग्गा नन अग्गा ॥
अल्हन कुंअर नरिंद। कनक बड़ गुज्जर बीरं ॥
न्रप अम्बंबन चली। राज अप्पौ लिय तीरं ॥

संजोगि पीय दंपति दुहनि । सुष व्यालस आलस भिरिगि ॥
रवि मुदित चंद उग्गनि परह । फेरि पंग पारस फिरिग ॥
छं० ॥ १८६७ ॥

पृथ्वीराज का कुपित हो कर तलवार चलाना और बान बर्साना।

भ,कित पंग प्रथिराज । गहिय कर वार चंपि कर ॥
रोस मुट्ठि निस्तरिय । दंत बाही सु कुंभ पर ॥
धार मुत्ति आदरिय । पंति लग्गिय सुभ चीरहि ॥
मनहु रोस गहि षग्ग । ढाहि धारा धर नीरहि ॥
मनु दुतिय चंद बद्दल बिचै । पंति लग्गि उड़गन रहिय ॥
धर धुकत मंत इम दिष्पियै । मनहु इंद्र बज्जह बहिय॥छं०॥१८६८॥
दूहा ॥ पंग डंस चहुआन बर । मंच संजोगि सु भार ॥
संझ पार सम्हौ अरै । अरि पंचन रिपुचार ॥ छं० ॥ १८६९ ॥
कवित्त ॥ परी निस्सि ससि उदित । सूर सामंत पंति फिरि ॥
उतरि न्रपति प्रथिराज । लघु अनिस्संक अभंग करि ॥
उभै तुषार [१]तुषार । बान छुट्टै कमह बर ॥
उभै बीर सम्हौ नरिंद । सोभै सु रंग भर ॥
लग्गौ सु नैंन त्रिकुटी बिबिच । टोप फट्टि कंठं[२] सु भगि ॥
प्रथिराज सु बल संभरि धनी । जै जै जै आये सु लगि ॥
छं० ॥ १८७० ॥
दूहा ॥उभै दिवस बित्ते सकल । गत घाटिका निसि अग्ग॥
जो पुच्छै दिवि सकल तू । सुनि भारथ्थ [३]समग्ग ॥ छं० ॥ १८७१ ॥

इसी समय कविचन्द का लड़ने के लिये पृथ्वीराज से आज्ञा मांगना।

तीर तुबक सिर पर बहत । गहत नरिंद गुमान ॥
बरदाई तहां लरन कों । हुकम मांगि चहुआन ॥

(१) ए. कृ. को. निहार। (२) मो.-सुमग्ग। (३) ए. कृ. को.-लगि।

पृथ्वीराज का कवि को लड़ाई करने से रोकना।

हम झुझत रजपूत रिन। जंपत संभरि राव ॥
अमर किंत्ति सामंत करन। बरदाई घर जाव ॥ छं० ॥ १८७२ ॥

कविचन्द का राजा की बात न मान कर घोड़ा बढ़ाना।

किंत्ति करन गुन उद्धरन। जल्हन पच्छ सु लज्ज ॥
मोहि न्रिपति आयस करौ। ईस सीस द्यौ अज्ज ॥ छं० ॥ १८७३॥
बिन आयस प्रथिराज कै। धाय नंषयौ बाज ॥
कौ रष्षै सुत मल्ह कौ। ब्रूर नूर मुष लाज ॥ छं० ॥ १८७४ ॥

कविचन्द के घोड़े की फुर्ती और उसकी शोभा वर्णन।

लघुनराज ॥ कविंद बाज नष्षयं। नरिंद चष्ष दिष्षयं ॥
मनों नछिच पातयं। ब्रू अंकि मझ्झि राजयं ॥ छं० ॥ १८७५ ॥
पवंन बेग पाइसं। तुरंग कब्बि रायसं ॥
न्रपत्ति अप्प पारषं। बियौ न कोइ आरिषं ॥ छं० ॥ १८७६ ॥
नचंत वै किसोरयं। हरै गुमान मोरयं ॥
धरा ऐराक ठौरयं। लियौ सु बप्प तोरयं ॥ छं० ॥ १८७७ ॥
दियौ चुहान मौर को। समुद्द की हिलोर को ॥
जराबयं पलानयं। अमोल पिठु ठानयं ॥ छं० ॥ १८७८ ॥
मनो कि रथ्थ भानयं। कविंद जाचि आनयं ॥
सु भंत अग्रकान के। मनों भलक्क बान के ॥ छं० ॥ १८७९ ॥
हरन्न सचु प्रान के। करे बिरंच पानि के ॥
हुती उपंम जोरयं। चिया सुमेन कोरयं ॥ छं० ॥ १८८० ॥
कि भोर चित्त हेत को। गरब्भ फाफ केतको ॥
प्रफुल्ल चंद मौजयं। कि पंषुरी सरोजयं ॥ छं० ॥ १८८१ ॥
पवन्न हीन पिष्षयं। कि दीप जाति सिष्षयं ॥
तमं दरिद्र भंजनं। पतंग ब्रूम दभ्भनं ॥ छं० ॥ १८८२ ॥

सुभंत केस वालयं। सरित्त ज्यौं सेवालयं ॥
सबद्ध कंध वक्र कौ। सगोल पुट्ठि चक्र कौ ॥ छं० ॥ १८८३ ॥
गिरद्द देत घुम्मरं। पलं इलंत भुम्मरं ॥
षुरं चमक्क उज्जलं। मनों घनंम विज्जुलं ॥ छं० ॥ १८८४ ॥
बरन्न गात भौंर सौ। इलंत पुंछ चौंर सौ ॥
करतं फौज हौसयं। दिष्यौ कनोज ईसयं ॥ छं० ॥ १८८५ ॥
षुरं रजं तुरंगयं। उड़ंत जोर जंगयं ॥
किरन्न सूर मंदयं। छुट्टंत तीर हद्दयं ॥ छं० ॥ १८८६ ॥
बजै निसान नद्दयं। गरज्ज ज्यौं सुमुद्दयं ॥
बहंत गज्ज मद्दयं। करंत सद्द रद्दयं ॥ छं० ॥ १८८७ ॥

कविचंद का युद्ध करके मुसल्मानी आनो को विदार देना और सकुशल लौट कर राजा के पास आजाना।

उठै रनं रवद्दयं। सुनंत भट्ट सद्दयं ॥
कमद्ध पंग उट्ठयं। सुमेर जेम दिट्ठयं ॥ छं० ॥ १८८८ ॥
करै हुकम्म पट्ठयं। गँभीर भीर श्रट्ठयं ॥
हुसैन षां कमालयं। षलील षां जलालयं ॥ छं० ॥ १८८९ ॥
पिरोज षां हुजावयं। फरीद षां निबाजयं ॥
अजव्व साज बाजयं। धरंत जुद्ध लाजयं ॥ छं० ॥ १८९० ॥
कुलं जरं गरिट्ठयं। भुजा तिनं बलिट्ठयं ॥
द्रिगं सु [१]घात रत्तयं। मनो गयंद मत्तयं ॥ छं० ॥ १८९१ ॥
लरंत मोर भट्टयं। छुटै हथ्यार थट्टयं ॥
करंत घाव घट्टयं। नचंत जेम नट्टयं ॥ छं० ॥ १८९२ ॥
अरी घटा दवट्टयं। कि विज्जुलं लपट्टयं ॥
परंत चट्ट पट्टयं। पिशाच अोन चट्टयं ॥ छं० । १८९३ ॥
सनद्ध हथ्थ भट्टयं। उभै सु मीर कट्टयं ॥
हयग्गयं सु अंगयं। कलंत श्रोन पंकयं ॥ छं० ॥ १८९४ ॥

(१) ए. कृ. को. -गात रत्तयं।

कृपान हथ्थ चंदयं। सु रग्गदेव बंदयं ॥
भरंत मीर अंगयं। निकट्ट तट्ट गंगयं ॥ छं० ॥ १८९५ ॥

घटं सु धाव घुम्मयं। परे सु मीर झुम्मयं ॥
लगे तुरंग अंगयं। संपूर लोह जंगयं ॥ छं० ॥ १८९६ ॥

घटं सु घाव घुम्मयं। परे सु मीर झुम्मयं ॥
लगे तुरंग अंगयं। संपूर लोह जंगयं ॥ छं० ॥ १८९७ ॥

फिर्यौ सु चंद तन्नयं। करन्न राज कन्नयं ॥
लगे न घाव गातयं। सहाय दुग्ग मातयं ॥ छं० ॥ १८९८ ॥

कवि का पराक्रम और राजा का उसकी प्रसंशा करना।

दूहा ॥ कुंजर पंजर छिद्र करि। फिरि बरदाई चंद ॥
तिन अंदर जिहनि भ्रमत। ज्यौं कंदरा मुनिदं ॥ छं० ॥ १८९९ ॥

कवित्त ॥ लरत चंद बरदाइ। करत अच्छरि बिरदावलि ॥
भरत कुसम गयनंग। धरत गर ईस मुंडावलि ॥
करत घाव कवि राव[1]। पिसुन परि बथ्थ पछौरत ॥
भरत पच कालिका। भूत बेताल उकारत ॥
जहं तहं ढरंत गज बाज नर। लोह लपटि पावक लहर ॥
मुष वाह वाह प्रथिराज कहि। कटक भट्ट किन्नौ कहर ॥
छं० ॥ १९००

कवि का पैदल हो जाना और अपना घोड़ा कन्ह को देना।

भयौ पाज कविराज। तंग रुक्यौ दल सायर ॥
कर कृपान चमकंत। कंपि थर हर कर काइर ॥
साज बाज रुधि भीज। किस्यौ छर हर गति नाहर ॥
भूमि तुरंग परंत। मुष्ष जंपिय गिरिजा हर ॥
कविचंद पयादौ हाइ करि। न्रप बिरदावलि आपू पढ़ि ॥

(१) मो.-कविराज।

बिलहान कन्ह चहुआन कौ। बगसि भट्ट सिर नाइ चढ़ि॥छं०॥१६०१॥

नवमी को एक घड़ी रात्रि गए जैचन्द के भाई का मारा जाना।

दूहा ॥ नौमी निसि इक घटि चढ़ी । बंधि परत षिझि पंग ॥
धाइ परे चहुआन पर । ज्यौं अगि मज्झर दंग ॥ छं०॥१६०२ ॥

जैचन्द का अत्यन्त कुपित होकर सेना को ललकारना। पंग सेना के योद्धाओं का धावा करना। उनकी वीर शोभा वर्णन।

भुजंगी ॥ धाए पंग राजं महा रोस गत्तं । सुनौ सावधानं रसं बीर बत्तं ॥
चले तीर तत्तं कहें मेघ बुट्टं । अले पंष पंषी तिते भज्जि छुट्टं ॥
छं० ॥ १६०३ ॥

कछू [1]पंष हीनं [2]तनं जान पायं । जिते वान मानं सरीरं बँधायं॥
महा तेज सूरं बरच्छी भ्रमायं । तहां बहु कब्बी उपम्माति पायं ॥
छं० ॥ १६०४ ॥

फलं उज्जलं सोभिते स्याह डंडं । मनों राह चंदं छडूडंत मंडं॥
बजे लोह लोहं बरं सूर रुट्टै । मनों इंद्र के हथ्य तें बज्र छुट्टै ॥
छं० ॥ १६०५ ॥

गदा लग्गि सीसं फुटे टूक टोपं । फुटी जानि भानं मयूषं अनोपं॥
[3]भिर तंनु दीसै न दीसै गुरंतं । तुटी सीस दीसं बलं जा अनंतं॥
छं० ॥ १६०६ ॥

पियं राग [4]सिंधू श्रवन्नं न [5]बट्टं । द्रवै सूर बीरज्ज अंगं उलट्टं ॥
तिनं कन्ह सूरं बलं जा [6]अमन्नं । तनं कि क्रमं रूप धावै दिवन्नं॥
छं० ॥ १६०७ ॥

बहै तेग वेगं गजं सीस धारं । दुहं अंग छंछं रुधी धार पारं ॥
कबीचंद मत्ती उपम्मा जु पट्टी । उपै बद्दलं जानि भारथ्थ कट्टी ॥
छं० ॥ १६०८ ॥

(१) मो.-पंग ।　(२) को.-तिनं, मो.-ननं　(३) ए. कृ. को.-भिरंजानि ।
(४) मो.-सोधें ।　(५) ए. कृ. को.-बट्टं ।　(६) मो.-अनन्तं ।

सुभै स्याम [1]फुंदा सनाहं मि जक्की। चलै रुद्ध धारं दुहुं अंग बक्की॥
उभै पंति बंधू ससी भौंर बीचं। उरं चंद मानो चलै चंद सीचं॥
छं० ॥ १९०९ ॥

करी बज्र बीरं न हल्लै हलाई। बधू बाल जैसें बधू ज्यौं चलाई॥
हसं हंस हंसं हसं पंच पंचे। उड़ै पंच पंचे भगी देह संचे॥
छं० ॥ १९१० ॥

सुनै सूर दिल्ली सु सोभै सु देहू। फ़ूले जानि सोभै मधू माधुकेहू॥
भये छिन्न छिन्नं सनाहं निनारी। मनों ग्रेह रज्जं मंडी जानि जारी॥
छं० ॥ १९११ ॥

दिषै देवि आई मुषं एक मोरं। कहै कोनं तो [2]सौज भारथ्थ जोरं॥
परे सीस न्यारे विरुभ्भाइ उट्ठे। विना सीस दीसै असं तंज छुटै॥
छं० ॥ १९१२ ॥

करै सीस हक्कै धपै दो निनारे। मनों केत ते राह दूनों हकारे॥
कही बत्त चिल्ही कहं ए सु जीयं। बनी नाहि जीहं सुकै कोटि कीयं॥
छं० ॥ १९१३ ॥

सामंतों का बल और पराक्रम वर्णन।

साटक ॥ छत्री जे पहपंग जुग्गिनि पुरं लोयंत धारा धरं॥
दुत्ती बज्जन बीर धीर सुभटं आलुथ्थि अलुथ्थनं॥
अंती अंत रुरंति भंजिति धरं धारं रुधिं पारयौ॥
चिल्ही जंभर बीर भारथ बरं जो गीव जत्ती गतं॥ छं० ॥१९१४॥

चिल्हनी का युद्ध देख कर प्रसन्न होना।

दूहा ॥ इह सुनि कर भारथ्थ गति। उद्दि चिल्ही चवसद्दि॥
सो भारथ्थ न दिट्ठयौ। पंषिन अंषिन दिट्ठ॥ छं० ॥ १९१५ ॥

कवित्त ॥ उठें एक धावंत। सहस रुद्दा अगिनित बल॥
क्रोध कियै दस होइ। सहस दसमध्य जूह पल॥
वाहंतै मुरपंच। लष्य सम्हौ उच्चारं॥
रुधिर पारसह हौंसु। पलह अगनित उभ्भारं॥

(१) ए.-फंदा। (२) ए. कृ. को.-तो सुज।

उच्चरै चिल्ह अस्तुति करी । साषि भरै सामंत दल ॥
भारथ्थ देवि मन उल्हसी । चिल्ह पंषि दिष्यौ सकल॥छं०॥१९१६॥

केहरि कंठीर का पृथ्वीराज के गले में कमान डाल देना ।

केहरि रा कंठेरि । स्वामि सिगिनि गर घत्तिय ॥
बरुन पास निय नंद । लोक पालह पति पत्तिय ॥
हसि हलकि हक्कारि । पंग पुत्तिय आनन पन ॥
तात अग्य संबरिय । राज राजन आनी धन ॥
चहुआन रथ्थ सथ्थह चढ़िय । नंषि बथ्थ कमधज्ज बर ॥
अब देषि बाल लालन सु पर । सुतन हाल बिच्चै सु बर ॥
छं० ॥ १९१७ ॥

संयोगिता का प्रत्यंचा काट देना और पृथ्वीराज का केहरि कंठीर पर तलवार चलाना।

दूहा ॥ गुन कढ्ढिय रमनिय सु वर । डसनह पंग कुंआरि ॥
असि बर झर प्रथिराज हनि । सूर हथ्थ नर वारि ॥छं०॥१९१८॥

तलवार के युद्ध का वाक् दृश्य वर्णन ।

चोटक ॥ निर वारि सु कढ्ढिय कंठ तनं । धर ढारि धरद्धर भार घनं ॥
झर लग्गिय झार उझार भरं । कटि मंडल षंड विहंड धरं ॥
छं० ॥ १९१९ ॥

लगि हक्कि सु धार सु बीर सुअं । कढिया किकरिम्मर धार धुअं ॥
असि रुंड सु मुंडन झुंझ पयट्ठ । मनों सुक कूटि कवारिय कट्ठ ॥
छं० ॥ १९२० ॥

जु क्रमे बर केहरि चंगल चंपि । ग्रहे कर पाव(१) उडंत उझंपि ॥
धरे सम जंगल पुच्छ सरोह । सनंषत मंडल उंडल सोह ॥
छं० ॥ १९२१ ॥

फिरक्कन आय धरप्पर धुक्क । किलक्कति चष्ष विलग्गिय कुक्क ॥
विभच्छह रस्स सु रच्चिय सेन । हयग्गय लुथ्थि तहीं पर श्रेन ॥
छं० १९२२ ॥

(१) ए-उर्डपि ।

धर ष्परि संष धरं सय मत्त । मुरक्किय सेन सु पंगु रषत्त ॥
मनो भगि धूर अधूर नरिंद । मुदंत मरीच अथंगय चंद ॥
छं० ॥ १६२३ ॥

नवमी की रात्रि के युद्ध का अवसान। सात सौ शंखधुनियों का मारा जाना।

दूहा । तिथ नौमी सिर चंद निसि । बारह सुत्त रविंद ॥
सुत चौरंगी संष धर । कहर कलह कविचंद ॥ छं० ॥ १६२४ ॥
संष धुनिय परि सत्त सय । मुर रामौ कमधज्ज ॥
अति सु अरिष्ट विचारयौ । जाय कि संभर रज्ज ॥ छं० ॥ १६२५ ॥

नवमी की रात्रि के युद्ध की उपसंहार कथा और मृत योद्धाओं के नाम।

कवित्त ॥ निसि नौमी सिर चंद । इक्क बज्जी षावद्दिसि ॥
भिरि अभंग सामंत । वारि वरषंत मंच असि ॥
अयुत जुड आवद्ध । इष्ठ आरंभ सत्ति बर ॥
एक जीव दस घटित । दसति ठेलै सु सहस भर ॥
दिठै न देव दानव भिरत । जूह रत्त रत्तिय सु षग्ग ॥
सामंत सूर सारह परिग । मोरे पंग अभंग दल ॥ छं० ॥ १६२६ ॥

भुजंगी ॥ भए राय दुअ कंक इक्कै समानं । परे सूर सोलह तिनं नाम आनं ॥
पस्यौ मंडलौ राव मारहनहंसौ । जिनै पारिया पंग रा सेन गंसौ ॥
छं० ॥ १६२७ ॥

पस्यौ जावलौ जाल्ह सामंत भारे । जिनै पारिया पंग षंधार सारे ॥
पऱ्यौ बग्गरी बाघ वाहे दुहथ्थै । भिरै षग्ग भग्गौ मिल्यौ हथ्थ बथ्थै ॥
छं० ॥ १६२८ ॥

पस्यौ बीर जादौं बली राव बामं । जिने नंषिगा गैंन गय दंत पानं ॥
पऱ्यौ साह तौ सर सारंग गाजी । दुहुं सथ्थ भष्षा भलौ हथ्थ माजी ॥
छं० ॥१६२६॥

पर्यौ पड्डरौ राव परिहार राना। पुले सेल साजै पुलै पंग बाना॥
'अबै उप्पटौ पंग आवड्ड नीरं। तबै सांपुला सिंह भुज'भानि भीरं॥
छं० ॥ १८३० ॥
पर्यौ सिंधुआ सिंधु सादूल मोरी। लगे लोह अंगं लगी जानि होरी॥
भिरैं भोज भग्गं मह्हीं सार भग्गं। पर्यौ मत्तह मानों मद्दौ जूह लग्गं॥
छं० ॥ १८३१ ॥
पर्यौ राव भौंहा उभै चंद साषी। इकै कुसुम नंषे इकै किति भाषी॥
जिसी भारथं षोहनी अट्ठ होमी। तिसी चैत सुदि रारि मिसी एक नोमी॥
छं० ॥ १८३२ ॥

कवित्त ॥ तब नायौ 'रयपाल। जहां ढिल्ली संभरि वै॥
मुहि सांई लगि मरन। चंद रु सूर साषि दुऐ॥
सार सिंगि सिर परत। फुट्टि सिर चिहुं दिसि तुट्टौ॥
धर धायौ असमान। अंत पय 'पय भर षुट्टौ॥
हटक्यौ सु कटक किन्नौ चटक। सब दल भयौ भयावनौ॥
अग जेठ भ्रुभ्भिभ्म धरनौ पर्यौ। अच्छरि 'करिहि वधावनौ॥
छं० ॥ १८३३ ॥

दूहा ॥ पहु पचार रट्ठौर रिन। जिहि 'सिंगिनि गुर कौन॥
भुज'भुअंग सामंत कय। गही संष धर लौन॥ छं० ॥ १८३४ ॥
तुरंग विछिं डिग षंडि तसु। करिग सु सस्त्र विसस्त्र॥
रुधिर धार धर उड्डरिय। भरिग उमा पति पत्र॥ छं० ॥ १८३५ ॥
राज पयंप्यौ भिरन भर। आज कहौं हिय छोह॥
भौंहा भौंह पराक्रमह। कुल चंदेल न हाहि॥ छं० ॥ १८३६ ॥

कवित्त ॥ जिनै सेष धर संष। पूर पूरत भुअ कंपिय॥
जिनै संष धर संष। भूमि डारत भर चंपिय॥
जिनै संष धर संष। राज गर सिंगिनि घत्तिय॥
सो संषद्धर असि समेत। आयास मपत्तिय॥

(१) ए. कृ. को.-वजै। (२) मो. जानि। (३) ए. कृ. को.-रजपाल।
(४) ए. कृ. को.-पथ, पथ्थ। (५) ए. कृ. को.-करिरहि।
(६) मो.-सिंगिन गर। (७) ए. कृ. को.-भुनंग।

धनि बीर बीर बीरम्म सुत्र । सु कज वारि अवधारितें ॥
सामंत सूर सूरन हनहि । सुकल किति विसतार तैं ॥छं० ॥ १९३७॥
दिट्ठी द्रुग्ग नरिंद । कासि राजा जुर अग्गिय ॥
राय हनों लंगूर । गोठि करनं कर भग्गिय ॥
पंग राय परतष्षि । जंग रष्षन रन सार्ई ॥
निसि नवमी ससि अस्त । गस्त [1]गौअर गहि पाई ॥
हकंत दंत चंप्यौ न्रपति । सामंतन असि बर बहिय ॥
भग पर्यौ सत्त आयंत कौ । कहिग सब्ब गहियन गहिय ॥
छं० ॥ १९३८ ॥

दूहा ॥ सिंधु जस्ति कमधज्ज दल । [2]विवरि अनी अन लष्ष ॥
दिय आयस कर उंचकरि । [3]कनक राइ परतष्ष ॥ छं० ॥ १९३९ ॥
एक लष्ष सेना सुभर । बाजि बज्ज रसबीर ॥
अनिय बंधि आषाढ़ नभ । बरषि बूंद घन तीर ॥ छं० १९४० ॥

युद्ध वर्णन ।

चोटक ॥ सजि सेन मनों मिलि मत्त जलं । मिलि उप्पर पुट्टि कमद्ध दलं ॥
घन नंकिय घंट सु बीर घुरं । भर निर्म्मल स्वामि सु नेह धुरं ॥
छं० ॥ १९४१ ॥
मिलि सेन उभै भर आतुरयं । हुअ नारि सु कातर कातरयं ॥
लगि लोह उभै भर संकरयं । असि पावक झाक बढी झरयं ॥
छं० ॥ १९४२ ॥
हय भार ढरै धर धार मुषं । किननं कहि धुक्कहि दुट्ट दुषं ॥
करि तुट्टहि संड सु सीस ढुरै । पय तुट्ट पुलै चक चीह करै ॥
छं० ॥ १९४३ ॥
भर सामंत जुद्ध अयास लगै । जय स्वामि सु अप्पह अप्प मगै ॥
निज दृष्ट सु सूरनि संभरियं । सुनि आइ सबै सोइ संधरियं ॥
छं० ॥ १९४४ ॥

(१) मो.-गौवर । (२) ए. कृ. को.-विचार । (३) ए. कृ. को.-कैचन राउ ।

भय बीर भयानक रुद्र रसं। धर नच्चि धरप्पर सीस कसं॥
जु कियं कर असि जुधं अधयं। दिठि दिट्ठि सुमीन सु सा जुधयं॥
छं० ॥ १९४५ ॥

[1]भय धुंधर रुक्क किलक्क बजं। गज तुट्टिय ढाल सु नेज धजं॥
भय सामंत जुद्दह सद्धरयं। जुरि जुद्दहि रुद्दमि सुद्धरयं॥
छं० ॥ १९४६ ॥

भ्रम छल [2]अछत्त सु राज भयं। जय आस उभै भर बीर गयं॥
छं० ॥ १९४७ ॥

सामंतों की प्रशंसा।

कवित्त ॥ धनिव सूर सामंत। जीव लगि जतन न कीनौ॥
धनिव सूर सामंत। सबद जंपत पुर तीनौ॥
धनिव सूर सामंत। घाय दुज्जन संघारे॥
धनिव सूर सामंत। देष पिष्षौ रिन पारे॥
इतनौ सु कियौ प्रथिराज छल। कहत चंद उत्तिम हियौ॥
संदेह देवि पय लग्गि करि। तबहि गंग मज्जन कियौ॥छं०॥१९४८॥

अत्तताई का युद्ध वर्णन।

दूहा ॥ *चौरंगी नन्दन सुभर। अत्तातांइ उतंग॥
समरि ईस आनंद न्रप। धरि चिल्लल जुरि जंग॥ छं०॥१९४९॥

अत्ताताई की सजावट और युद्ध के लिये उसका ओज एवं उत्साह वर्णन।

पद्धरी ॥ जुरि जंग सूर चौरंगि नंद। धकि दंत मंत उप्पर मयंद॥
जा गिनिय पच लै [3]सजिय संग। उल्हास ईस आनंद अंग॥
छं० ॥ १९५० ॥

(१) ए. कृ. को.-धर। (२) ए. कृ. को.-असत्त।
* दिल्ली के राजा अनंगपाल तूंअर के प्रधान चौरंगी चहुआन जिनका बेटा अताताई था।
(३) ए. कृ. को. चलिय।

उत्तंग तोषि चिसूल बीर । गज्यौ गगन गल काल कंठीर ॥
पर सर पयट्ट मधि मत्त दंति । उभ्भारि कमल घग ढिग सु पंति॥
छं० ॥ १९५१ ॥

अखढोहि सु अख बीरत्त रत्त । भंजी सु पारि अरि अनिय मत्त॥
जय जय सु कित्ति जंपै अघाइ । नच्चै सु ईस भर रुंड पाइ ॥
छं० ॥ १९५२ ॥

प्राहार लत्त औरत्त एक । है गै तुटंत नर ताम तेक ॥
घन रुहिर भाक रंगिय सकत्ति । तन रत्त रुद्र रत्त ज्यौं अरत्ति॥
छं० ॥ १९५३ ॥

उठ्ठी तुरंग मुषि लग्यौ धाहि । चिसूल भारि धर धरनि ढाहि॥
जसवंत कमध कोपै करार । आयौ सु साज सह यट्ट सार ॥
छं० ॥ १९५४ ॥

प्राहार कियौ चहुआन जाम । [1]संग्रह्यौ हक्क कंठह सु ताम॥
असि घाइ सीस उप्पर उभार । प्राहार अवरि अवनी सु ढारि॥
छं० ॥ १९५५ ॥

रुहिरै सु पूर पावस प्रवाह । जल रत्त गंग भिलि भयौ [2]नाह॥
भग्गो सु सेन न्रिप पंग जाम । आइयौ हनू लंगूर ताम ॥
छं० ॥ १९५६ ॥

अत्ताताई पर मुसल्मान सेना का आक्रमण करना ।

दूहा ॥ तत्तारिय तमि पंग भर । करि उप्पर द्रिग बीर ॥
अत्ताताई उप्परै । आइ परक्कै मीर ॥ छं० ॥ १९५७ ॥

अत्ताताई का यवन सेना को विदार देना ।

कवित्त ॥ अततार्इ बर बीर । सेन रुंध्यौ तत्तारी ॥
छोह सामि तजि मोह । कोह कढ्ढी कट्टारी ॥
गहह अष्षि आभंग । वज्जि नंध्यौ बर बाही ॥
जाम समंत विप्फुरे । पंग सेना सब गाही ॥

(१) ए. कृ. को.-संग्रह्यौ कंठ हासिहक्क ताम । (२) ए. कृ. को.-ताह ।

तोषार [1]तुंग पष्वर सहित। परिग भीर गंभीर भर॥
पहु पंग फेरि पारस परिय। घटिय तीय घट्टी पहर॥
छं०॥ १९५८॥

अत्ताताई का अतुलित पराक्रम वर्णन।

अततार्इ बर बीर। स्वामि लद्धौ न पार बल॥
तीय पहर बाजिग्ग। बज्र बिच परे जूह पल॥
धर समुंद परमान। बह मेल्यौ देषी जुअ॥
धुअ प्रमान पै मंडि। धूम की नौत अप्प भुअ॥
धर परत धरनि उट्ठै भिरन। इक्कि सीस तिहि ईस बर॥
अंपरे बीर धरनी सु बर। बरन रंभ बंटेति भर॥ छं०॥ १९५९॥

बरन रंभ बंटयो। भरन पिष्षै पौरिष बर॥
बरन सु बर किय चित्त। सूर रंछिय रन चित्त भर॥
रंभ कहत्तिय आदि। सूर उर बसि उर मंडं॥
अममत्तौ जिन अंनि। बंद छंडे जिन छंडं॥
संभरी बोल तम बर बरी। भ्रित्त छंछ इच्छौ सु बर॥
नन बरे बरहि रहि सुबर। बन्यौ न को रवि चक्रतर॥
छं०॥ १९६०॥

कोपि चाइ चहुआन। तट्ठि तर सूर उपारिय॥
सिंगी नाद अनंद। इष्ट करि इष्ट संभारिय॥
सुधिर सत्त सामंत। रुधिर पष्वर लष संगह॥
रहसि राइ लंगूर। ग्रीव चंप्यौ आभंगह॥
जै सद्द बद्द जोगिनि करिय। अत्ताताइ उतंग सिर॥
भरि हरिय पंग पंगुर सयन। गंग सु रंगिय रंग ढरि॥ छं०॥ १९६१॥

अत्ताताई के युद्ध करते करते चहुआन का गंगा पार करना।

दूहा॥ ढरत सु धर चहुआन कौ। मद्धि गंग वै माहि॥
जय जय सुर जंपिय सु भर। धनि धनि अत्ताताइ॥ छं०॥ १९६२॥

(१) मो.-तुंगः।

गंधर्वों का इन्द्र से कहना कि कन्नौज का युद्ध देखने चलिए और इन्द्र का ऐरावत पर सवार होकर युद्ध देखने आना।

पद्धरी ॥ गंध्रब्ब सुग्ग[1] पत्ते सु जाम। आनंद उग्र उप्पनौ ताम ॥
आदर सु इंद्र दीनौ विश्राम। मेलयौ जुद्ध भल कौन काम ॥
छं० ॥ १९६३ ॥
गंध्रब कहै सुनि सुग्ग देव। सामंत जुद्ध पिष्षन स टेव ॥
जस करौ रथ्थ ऐराय इंद्र। देषनह जुद्ध कमधज्ज दंद ॥
छं० ॥ १९६४ ॥
सजि चले देव अन्नेक सथ्थ। सोभंत [2]रंग अनेक रथ्थ ॥
अपछर अनेक चालंत सुग्ग। अनेक सुभट लेपंत मग्ग ॥
छं० ॥ १९६५ ॥
गंगह दुकूल ढाहंत सेन। रेलयौ कटक सरिता प्रवेन ॥
अन्नेक करी वहता सु दीस। बेहाल मुष्ष पारंत चीस ॥
छं० ॥ १९६६ ॥
चंपे लंगूर अतताइ अब्ब। बंधेव तोम संकर गरब्ब ॥
सा बह बेध लाघव्व सार। मारंत सेन संगह प्रहार ॥ छं० ॥ १९६७ ॥
सामंत सज्जि चव ओर ओर। अनेक सेन बिच करत सोर ॥
रोपयौ बीच सित सकस षंभ। गज गाह बंधि देषत अचंभ ॥
छं० ॥ १९६८ ॥
पच्चास कोस रिन षेत रुध्ध। कीनौ सु जुद्ध सामंत धुध्ध ॥
* * * * ॥ * * छं० ॥ १९६९ ॥

पृथ्वीराज का कविचन्द से अत्ताताई की कथा पूछना।

दूहा ॥ अत्ताताइ अभंग भर। सब पहु प्राक्रम पेषि ॥
लगी टगटगी दुष्ष दलनि। न्त्रिप कवि पुच्छि विसेष ॥ छं० ॥ १९७० ॥
अतुलित बल अतुलित तनह। अतुलित जुद्ध सु विंद ॥
अतुलित रन संग्राम किय। कहि उतपति कविचंद ॥ छं० ॥ १९७१ ॥

(१) ए. कृ. का.-सर्ग। (२) ए. कृ. को.-तठव।

कविचन्द का अत्ताताई की उत्पत्ति कहना कि तूअरों के मंत्री चौरंगी चहुआन को पुत्री जन्मी और प्रसिद्ध हुआ कि पुत्र जन्मा है।

कवित्त ॥ चौरंगी चहुआन । राज मंडल आसापुर ॥
तूंअर धर परधान । सु बर आनै इत्तासुर ॥
(१)धर असंष धन धरिय । एक नारिय सुषि धाइय ॥
तिहिं उर पुत्री आइ । पुत्र करि कही बधाइय ॥
करि संसकार दुज दान दिय । अत्ताताइय कुल कुंअर ॥
त्रिप अनँगपाल दीवान महि । पुत्र नाम अनुसरइ सर ॥
छं० ॥ १९७२ ॥

पुत्री का यौवन काल आने पर माता का उसे हरिद्वार में शिवजी के स्थान पर लेजाकर शिवार्चन करना।

अति तन रूप सरूप । भूप आदर कर उट्ठहि ॥
चौरंगी चहुआन । नाम कीरति कर पट्ठहि ॥
द्वादस बरष सु पुत्र । मात गोचर करि रष्यौ ॥
राज काज चहुआन । पुत्र कहि कहि करि भष्यौ ॥
हरद्वार जाइ बुल्ल्यौ सु हर । सेव जननि संहर करिय ॥
नर कहै रवन (२)रवनिय पुरुष । रूप देषि सुर उद्धरिय ॥
छं० ॥ १९७३ ॥

दूहा ॥ जब चिय अंग प्रगट्ट हुअ । तब किय अंग दुराइ ॥
अद्ध रयन लै अनुसरिय । सिव सेवन सत भाइ ॥ छं०॥ १९७४ ॥

शिवस्तुति।

विराज ॥ स्वयं संभु सारी । समं जे सुरारी ॥
उरं विष्य धारी । गरल्लं विचारी ॥ छं० ॥ १९७५ ॥
ससी सीस सारी । जटा जूट धारी ॥
सिरं गंग भारी । कटिं ब्रह्मचारी ॥ छं० ॥ १९७६ ॥

---

(१) ए. कृ. को.-धन। (२) ए. कृ. को.-नवनिय।

मया मोह कारी। अपंजा विडारी ॥
गिरिज्जास पारी। उछंगं सु नारी ॥ छं० ॥ १९७७ ॥
धरी वज्र तारी। चयं नाउंकारी ॥
प्रलै अहि झारी। करे नेन कारी ॥ छं० ॥ १९७८ ॥
अनंगं प्रहारी। मतं ब्रह्मचारी ॥
धरै सिंग सारी। विभूतं अधारी ॥ छं० ॥ १९७९ ॥
जुगं तत्त जारी। छिनं जे निवारी ॥
सुभ्रं सार धारी। [1]भुगत्तं उधारी ॥ छं० ॥ १९८० ॥
इसौ सिंभु राया। न दिष्यौ न माया ॥
तिनं किति पाया। जगत्तं न चाया ॥ छं० ॥ १९८१ ॥
चढ़े द्रब्य सीसं। विभूती वरीसं ॥
मनों क्रम्म रब्बी। अपं जोध सब्बी ॥ छं० ॥ १९८२ ॥
दूहा ॥ मात पिता बंधव सकल। तजि तजि मोह प्रमान ॥
दस कन्या बर संग लै। गायन गौ सुरथान ॥ छं० ॥ १९८३ ॥

कन्या का निराहार वृत कर के शिवजी का पूजन करना।

ईस जप्प दिन उर धरति। तजि संका सुर [2]बार ॥
सो बाली लंघन किये। पानी पत्र अधार ॥ छं० ॥ १९८४॥
पंच धनं पुज्जंत सिव। गहि गिरिजा तस पांनि ॥
चिय कि पुरुष इवि संभु कहि। विधि कलि बंध प्रमान ॥
छं० ॥ १९८५ ॥

शिवजी का प्रसन्न होना।

एक दिवस सिव रीझ कै। पूछन इछन लीन ॥
सुनि सुनि बाल विसाल तौ। जो मंगै सोइ दीन ॥ छं० ॥ १९८६॥

कन्या का बरदान मांगना।

मुझ पित जुग्गिनिपुर धनिय। अनंगपाल परधान ॥
पुत्र पुच [3]कहि अनुसरिय। जानि वितङ्कुर मानि ॥ छं० ॥ १९८७॥

(१) ए. कृ. को.-भुगत्त। (२) ए. कृ. को.-बाल। (३) ए. कृ. को.-कर।

कवित्त ॥ [1]विदित सकल सुनि चपल । सतीअ लंपट विन कपटे ॥
भगत उधव अरविंद । सीस चंदह दिषि झपटे ॥
गीत राग रस सार । सुभर भासत तन सोभित ॥
काम दहन जम दहन । तीन लोकह सोय लोकित ॥
सुर अनँग निद्धि सामँत गवन । अरि भंजन सज्जन रवन ॥
मो तात दोष बर भंजनह । तुअ बिन नह भंजै कवन ॥
छं० ॥ १९८८ ॥

शिवजी का बरदान देना ।

दूहा ॥ जयति जुवति संतोष घन । संचहि यासी आव ॥
सुबर बाल नन आइयै । सो विह लघ्यौ सु पाव ॥ छं० ॥ १९८९ ॥
पुच लिषिनि पुन्नैं कहौं । देउ सु ताहि प्रमान ॥
जु कछु इंछ बंछै मनह । सो अप्पौ तुहि ध्यान ॥ छं० ॥ १९९० ॥

शिवजी का बरदान कि आज से तेरा नाम अत्ताताई होगा और तू ऐसा वीर और पराक्रमी होगा कि कोई भी तुझ से समर में न जीत सकेगा ।

पद्धरी ॥ बोलेति सिंभ बालह प्रमान । आघात कियौ देवलनि आनि ॥
आना नरिंद बेताल हक्कि । डर करै नाथ बाला प मुक्कि ॥
छं० ॥ १९९१ ॥
षट मास गये बिन अन्न पान । दिघ्यौ सु चिंत निह कपट मान ॥
चल चलइ चित्त तिन लोइ होइ । पावै न देव तप झूठ कोइ ।
छं० ॥ १९९२ ॥
निश्चलह चित्त जिन होइ बीर । पावै जु सुर्ग सुष मद्धि कीर ॥
जगि जग्गि निसा तज्जिय बिजाम । सपनंत ईस दिघ्यौ [2]प्रमान ॥
छं० ॥ १९९३ ॥
अततांइ नाम तो धरौं बीर । पावैब राज राजन सरीर ॥
ना लषै पुत्त तुअ तात ग्रेह । तजि नारि रूप धरि ब्रम्म देह ॥
छं० ॥ १९९४ ॥

(१) ए. कृ. को.-दिवस तरल । (२) ए. कृ. को.-पनाम ।

जं होई सब्ब भारथ्थ काल। भंजै न तूअ तिन अंग साल ॥
किरनेव किरन फुट्टत प्रकाल । भंजैं सु षलह लुकि अग्ग धार ॥
छं० ॥ १९९५ ॥

भारथ्थ रमन जब होइ काल । मरअंत काल बाल हति बाल ॥
तुअ अंग जंग 'पुज्जै न जुद्ध। मानुच्छ कोन करिहै बिरुद्ध ॥
छं ॥ १९९६

जिन मध्य होइ अततांइ भान । कट्टिहै तिमिर दुज्जन निधान ॥
झलकंत कनक दिष्यौत बाल। जग्गयौ बीर तिन मध्य काल ॥
छं० ॥ १९९७ ॥

लच्छि कच्छि बंधी सु थाल । पावहि सु बीर बीरह बिसाल ॥
इह कहिरु बीर गय अप्प थान । विभ्भूत चक्र डोंरु प्रमान ॥
छं० ॥ १९९८ ॥

मालाति अरत्त दीसै उतंग । सिव रूप धरिग मन दुति अनंग ॥
सिर नेत दीन सुष्षम थान। इह काल करिग आयौ सु पान ॥
छं० ॥ १९९९ ॥

साटक ॥ जुत्तं जो सिव थान अनगति वरं, कापाल भूतं बरं ॥
डोंरु डक्कय नह नारद बलं, बेताल बेतालयं ॥
तूं जीता रन बारुनैत्र कमलं, जै जै अततांइयं ॥
ख्यातं मंचय छिति्त तारन तूही, पुज्जै न कोई बलं ॥ २००० ॥

कवि का कहना कि अत्ताताई अजेय योद्धा है।

दूहा ॥ नागति नर सुर असुर मय । असुर चित्त परमान ॥
तो जित्तै अततांइ जुध । सो नह दिष्षिय आन ॥ छं० ॥ २००१ ॥

अत्ताताई के वीरत्व का आतंक।

कवित्त ॥ अत्तातांइ उतंग । जुद्ध पुज्जैन भीम बल ॥
थुति धावत करै देव । चक्र वक्रैत काल कल ॥
गह गह गह उच्चार । मध्य कंपै मघवा भर ॥

(१) ए. कृ. को.-पुच्छै ।

अह कंपै हगपाल। काल कंपै सु नाग नर॥
उच्छाह तात संमुह करिय। जाय सपत्तह पुत्त पह॥
लभ्भै सु कोटि कोटिह सु नन। सो लभ्यौ [1]सत्ती सु दहि॥
छं० ॥ २००२ ॥

दूहा ॥ तूं तारन कल ऊपज्यौ। अत्ताताइ उतंग॥
जिन हुकंम कल कल करिय। करै सु रनह अभंग॥
छं० ॥ २००३ ॥

रन अभंग को करै तुहि। तूं बढ़ देवह थान॥
चाव दिसि सो भिंटई। हरत पान गुन मान॥ छं० ॥ २००४ ॥

उस कन्या के दिल्ली लौट आने पर एक महीने में उसे पुरुषत्व प्राप्त हुआ।

इक मास षट दिवस बर। रहि नृप दिल्ली थान॥
सु बर बीर गुन उप्पजिय। सुनि संभरि चहुआन॥ छं० ॥ २००५ ॥
भाई सोई पय सु लहि। बंछि जनम सँघ नाव॥
दुसतर जुग ने तीर ज्यौं। छुटै न बंधव पाव॥ छं० ॥ २००६ ॥
नर चिंता पाच तलभै। जौ परषन सुष्याइ॥
तौं बंधन छुट्टै परी। जौ सुद्धी जग्गाइ॥ छं० ॥ २००७

इस प्रकार से कवि का अत्ताताई के नाम का अर्थ और उसके स्वरूप का वर्णन बतलाना।

कवित्त ॥ सिव सिवाह सिर हथ्थ। भयौ कर पर समथ्थ दै॥
सु बिधि राज आदरिय। सत्ति स्वामित्त अथ्थलै॥
बपु विभूति आसरै। सिंगि संग्राह धरै उर॥
चिजट कथं कंठरिय। तिष्षि तिरसूल धरै कर॥
कलकंत बार किलकंत क्रमि। जुग्गिनि सह सथ्थै फिरै॥
चौरंगि नंद चहुआन चित। अततांइ नामह सरै॥ छं० ॥ २००८॥

(१) ए. कृ. को.-छत्ती।

आयौ तब ढिल्ली पुरह। ले चहुआन सु भार ॥
कोट सबै सामंत भय। अत्तताइ [1]हम नार ॥ छं० ॥ २००९ ॥
नमसकार सामंत करि। जब जब दिष्षहि ताहि ॥
तब तब राज बिराज में। रहैं भूप मुष चाहि ॥ छं० ॥ २०१० ॥
ढिल्ली सह सामंत सह। अमर सु क्रत ढिग थान ॥
[2]समर सिंघ रावल सुभर। ग्रह लै गौ चहुआन ॥ छं०॥२०११ ॥
इह बत्ती कविचंद कहि। सुनिय राज प्रथिराज ॥
जुद्ध पराक्रम पेषि कैं। मंन्यौ सब क्रत काज ॥ छं० ॥ २०१२ ॥

अत्ताताई के मरने पर कमधुज्ज सेना का जोर पकड़ना और केहरि मल्ल कमधुज्ज का धावा करना।

कवित्त ॥ अततादृय धर पऱ्यौ। बाग उप्परी पंग भर ॥
गहन हुकम किय राज। बीर पंगुरा सुभर भर ॥
सस्त्र बीर प्रथिराज। दिसा केहरि करि मिल्लं ॥
हुकम बीर कमधज्ज। सस्त्र [3]ओडन सब भिल्लं ॥
कम्मान सीस धनि न्रपति गुन। कढ़ी रेष नरपत्ति बर ॥
सामंत सूर तीरह निकसि। करिग राज उप्पर सु भर ॥
छं० ॥ २०१३ ॥

पंग की कुपित सेना का अनेक वर्णन।

भुजंगी॥कहै चंद कव्वी कह्यौ ज्यों फुनिंदं।वरं चार चारं भुजंगी सुछंदं ॥
ससो सोम सूरं करूरं जु धायं। गिरि पंग सेनं छिनं भेह लायं ॥
छं० ॥ २०१४ ॥
करी बीर दूनं दुहम्नं दुहाइ। दुहुं अग्गि सिंगी दुहुं नैन नाई ॥
दोऊ बीर रूपं बिरूभझ्झाय धाई। मनों घोटरं टक्करं एक छाई ॥
छं० ॥ २०१५ ॥
अनी सों अनी अंग अंगी धरक्की। मनों भौंन भानं दुहुं बीच बक्की॥
मिलौ मंडली फौज पहूपंग घेरी। कियं क्रोध दिट्टी चहूआन हेरी॥
छं० ॥ २०१६ ॥

(१) ए. इम। (२) मो. अमर सिंह। (३) मो. ओड़त।

सवै सस्त्र मंतं श्रवतं ज सूरं । भरै दिष्ट वैरी लगै जे करूरं ॥
दिसा धुंधरी पंच विम्मान छायौ।किधों फेरि बरिषा जु आषाढ़ आयौ॥
छं० ॥ २०१७ ॥

गजै मार धारं निसानं प्रमानं । फिरै पंति दंती घनं सेस मानं ॥
बजै सद्द झिंगूर [1]उद्दंद क्रूरं । पढै भट्ट बीरं समं जानि [2]सूरं ॥
छं० ॥ २०१८ ॥

धजा सेत नीलं सु मतं फिरंती । मनों सुक्क मालं बगं पच्छ जंती॥
उडै सार धारं [3]किरवान तथ्थं।उड़ै झिंगनं जानियै बिज्ज सथ्थं ॥
छं० ॥ २०१९ ॥

उडै सार सारं असी बंक भारं।मनों अभ्भि[4]सरन बाल बज्यौ सवारं॥
भयं अंग रत्तं ढरै रुड्डि हल्ली। मनों हथ्थ पायं नदी जानि चल्ली॥
छं० ॥ २०२० ॥

कहै रंभ लेयं नहीं हथ्थ आवै । तिनं सार धारं सु मंगल्ल गावै॥
रही अच्छरी हारि मनोरथ्थ पुट्टै।मनो बिरहिनी हथ्थ तें पीउ छुट्टै॥
छं०॥ २०२१ ॥

ढलं ढाल ढालं सु रत्ती फिरंती । गुरं गज्ज छंडै चढ़ै पंष पंती॥
परे पंच सूरं जु भारथ्थ भारै । जिनं पंग सेनं सबं पग्ग भारै॥
छं० ॥ २०२२ ॥

दूहा ॥ पंग राव चहुआन बर । सब बित्ते कविचंद ॥
देवासुर भारथ्थ [5]नन । नन ब्रित्ते सुर इंद्र ॥ छं० ॥ २०२३ ॥

कवित्त ॥ परत पंच भारथ्थ । चंपि चहुआन अरुझि्झय ॥
डररि सब्ब सामंत । मुत्ति लड्डन मन सुझ्झिय ॥
धर धारव चंपिय सु । पंग पारस गहि नंषिय ॥
जियन जुद्ध तुछ कीय । कित्ति कीनी जुग सष्यिय ॥
कलहंत केलि लग्गी विषम । [5]तन सुरत्त बर उम्मरिय ॥
मनों पुहप हथ्थ बंधन पलह । अमर अप्प पूजा करिय ॥
छं० ॥ २०२४ ॥

(१) ए. कृ. को.-उअंत । (२) मो. मूरं । (३) मो.-किरवान ।
(४) ए. कृ. को.-सन । (५) मो.-नन ।

युद्ध स्थल की पावस से उपमा वर्णन।

बर माधव पहुपंग। सार उत्तयौ सस्त्र भार॥
बज्जौ बर प्रथिराज। सोर मंडै अड्डै गिरि॥
सस्त्र तेज उट्ठाय। [1]सांम लगियन सु बंद असि॥
घरी एक धर धरे। सार बुट्टंन छूर धसि॥
अवरत्त बीय बज्जे विषम। भगि अष्यौ नर छूर विव॥
प्रथिराज दान घन दीय सस्त्र। ग्रहन राइ अरि भजन रवि॥
छं० ॥ २०२५ ॥

दूहा॥ छिनक उसरि बद्दलति दल। छच पंग सिर भास॥
हेम दंड चलि उद्दै सय। ग्रह चंपे रवि रास॥ छं० ॥ २०२६॥

पंगराज के हाथी की सजावट और शोभा।

कवित्त॥ रत्ति ढाल ढलंकति। रत्त अम्मरिय पीत धज॥
सेत मंत गज झंप। रत्त मंडत्त सहस गज॥
मनों राइ रवि व्योम। भोम चढ़ि पिष्षि दल त्ययं॥
सज्जि सेन कमधज्ज। अग्य दीनी अरि छिंबं॥
तिम चढ़त घटत किरनाल कर। भै अभंत चतुरंगिनिय॥
तन कढ्ढि करषि कायर धरषि। सुमरि सोम वासर गनिय॥
छं० ॥ २०२७॥

पंगराज की आज्ञा पाकर सैनिकों का उत्साह से बढ़ना। उनकी शोभा वर्णन।

दूहा॥ इन भज्जै संजोगि ग्रह। जीय संपतौ राज॥
अजुत जुड्ड रिन जित्तही। पंग सु भर [2]किहि काज॥छं०॥२०२८॥

रसावला॥ पंग कोपे घनं। लोह बज्जे झनं॥
ओड मंडे ननं। बीर बज्जै [3]रनं॥ छं० ॥ २०२९॥
चच्चरं चंगनं। चंपि पुत्ते मनं॥
बान रोसं भनं। अंत [4]तुट्टै घनं॥ छं० ॥ २०३०॥

---

(१) ए. कृ. का.-स्याम। (२) ए. कृ. को--कहि।
(३) ए. कृ. को. ननं। (४) ए. कृ. को.-लुट्टै

लज्ज बीरं अनं। बीर नंचै छिनं ॥
दंत दंती तनं। सीस चड्डी फनं ॥ छं० ॥ २०३१ ॥
माहि भेलं मनं। जोत दिष्षे कनं ॥
सोर लग्गो तिनं। जक्क जे संमनं ॥ छं० ॥ २०३२ ॥
सिंघ देषे तिनं। अब्ब मेरं मनं ॥
कोटि तप्पं तनं। षग्ग पावं छिनं ॥ छं० ॥ २०३३॥
सीस हक्के फनं। द्रोम नंचे घनं ॥
सूर दिष्षे छिनं। जानि कीयं ननं ॥ छं० ॥ २०३४ ॥
लज्ज पंकं षुतं। ढोरि षत्रं [1]जुतं ॥
लोटि घंनं मनं। किंत्ति बंधं तनं ॥ छं० ॥ २०३५ ॥

पृथ्वीराज की तरफ से हाड़ा हम्मीर का अग्रसर होना।

कवित्त ॥ हाड़ा राव हमीर। राय गंभीर बिबंधौ ॥
लष्यौ ना तोषार। लष्य जर जीन सहंदौ ॥
राज अग्ग फेरि यहि। जाहि जंगल पति जानहि ॥
चहुआन चामर नरिंद। जोगिनि पुर थानहि ॥
असि द्रुग्ग द्रुग्ग दल सों जुरिग। सामंतति सत्तह चढ़िग ॥
आलोह सेन लागन बिषम। [2]बलीदानं बामन बढिग ॥
छं० ॥ २०३६ ॥

पंग सेना में से काशिराज का मोरचे पर आना।

दूहा ॥ कासिराज सज्ज्यौ सु दल। फुनि अग्या दिय पंग ॥
गाजे भीर अभीर रनि। बाजे बिषम सु जंग ॥ छं० ॥ २०३७ ॥

काशिराज के दल का बल।

कवित्त ॥ कासिराज दल बिषम। मद्धि जानु तार बिछुट्टिय ॥
मिरिनि हार जुध धार। अद्ध अद्धह लिय बंटिय ॥
निघनि घात तन बात। घात हय घात अघानिय ॥
जनों जिहाज सायरिय। तिरन तुंगत तिहि बानिय ॥

---

(१) ए. कृ. को. मुतं। 　　(२) "मनों" पाठ अधिक है।

बल बंधि बलपति बत्त तिन। छिन छिनदा कमधज्ज दल ॥
भूचाल भूमि ऊथल पथल। इम सु छचि पहुपंग दल ॥
छं० ॥ २०३८ ॥

काशिराज और हाड़ा हम्मीर का परस्पर युद्ध वर्णन।

भुजंगी ॥ हले पंग छत्रं, न छित्रं निधानं। उवं हड्ड हम्मीर गंभीर बानं॥
[1]हलं हाल भग्गी सु जग्गी जुआनं। रुधी धार उद्धार भूमी भयानं॥
छं० ॥ २०३९ ॥

समं सेल संदेह अंदेह गानं। हयं तानि छंडै न छंडे परानं ॥
बके राइ पंगे बद्दे पीलवानं। नभं गोम गज्जे व अंजीर थानं ॥
छं० ॥ २०४० ॥

निमा एक मेकं समेकं छियानं। दिमा धूरि धुंधी उड़ीगै[2]गिधानं॥
भिरै बीर सामंत तत्ते उतानं। महा भार भुत्ते सु सोई सु तानं ॥
छं० ॥ २०४१ ॥

दोनों का द्वंद युद्ध और दोनों का मारा जाना।

कवित्त ॥ हाड़ाराय हलक्कि उत। कासिराजह कर वर कसि ॥
जोगिनि पुर सामंत। बहत कनवज्ज बीर रस ॥
बियौ बीर आहुरिय। धरिय दंतह्लर आवध ॥
नामि बीर निज्जुरिय। करिय केहरि कुस रावध॥
उड़ि हंस मंस नंसह सुहर। कुहरति सा बांज्जय सुहर ॥
जग्गयौ नाग तब नाग पुर। होम दुरग धामंक धर ॥छं०॥२०४२॥

दूहा ॥ हाड़ा राय सु हथ्थ धरि। गंभीरा रस बीर ॥
कासिराज दल सम जुरिग। कुल उद्धारिय नीर ॥ छं० ॥ २०४३ ॥
न्टप अलसिग अलसिग सुभर अलसिय पंग नरिंद ॥
विलसित काल करंक किय। सह सति तीस गनिदं ॥ छं० ॥२०४४॥

नवमी का चन्द्र अस्त होने पर आधी रात को दोनों सेनाओं का थक जाना।

कवित्त ॥ निसि नवमी ससि अस्त। घटिय मुर बीय स उप्परि ॥

(१) ए. कृ. को.-हथं थाल। (२) मो.-निधानं।

थकिय हथ्थ सामंत । थकिय पंगुर दल उप्परि ॥
रुधिर सरित परहरिय । गिद्ध [1]गोमाय अघाइय ॥
ईस सीस गत दरिद्द । बीर बेताल नचाइय ॥
आसुर सु उप्पटि थट भट रहिग । पंग फेरि सज्जिय सुभर ॥
करि सीस रीस पुच्छिय सुबर । कहिय गहन आयास चर ॥
छं० ॥ २०४५ ॥

पृथ्वीराज का पंग सेना के बीच में घिर जाना ।

बर बिषहर निसि पंग । क्रोध बिष बीर साम सब ॥
जीभ लोह दिढ साव । जरिय साहस्स तत्त तब ॥
चित वामंग गारुरी । अमी अंचल चित मंतं ॥
दिष्ट अछित उच्चारि । हंकि कढ्ढिग विष [2]गत्तं ॥
[3]अप्पइ जु षल सार सु गरुर । [4]रुद्रमि बेंन सज्जै मिसह ॥
जे चिच रेष चिची सु बर । सिष संजोग आसा सिगइ॥छं०॥२०४६॥

आर्या ॥ पन्नगो ग्रमित सामुद्रं । त्यों पंग सेन ग्रिसतो [5]रायं ।
श्रित सुश्रित आहुद्रं । नवमी निसो अद्ध उपायं ॥ छं० ॥ २०४७ ॥

मुरिल्ल ॥ पिष्षि जुद्ध [6]कंदल दिव धाया । लग्गे सह दसों दिसि आया ॥
तक्किग रहि गंनि साजत बीरं । भग्गिय जुद्ध ग्रह पति धीरं ॥
छं० ॥ २०४८ ॥

रात्रि को सामंतों का सलाह करना कि प्रातः काल राजा को किसी तरह निकाल ले चलना चाहिए ।

कवित्त ॥ रेनि मत्त चिंतयौ । प्रात कढ्ढौं प्रथिराजं ॥
प्रा रष्यौ चहुआन । जाय जुग्गिनिपुर साजं ॥
जब लगि अरि तन बढै । कढै न्रप कूह प्रमानं ॥
च्यार बीस षग पुट्ठि । अप्पौं सामंत [7]जघोनं ॥

(१) ए. कृ. को.-गोमय । (२) ए. कृ. को.-गत्रं ।
(३) को.-अप्प षलगु सार सु गरुर । ए.-अप्पह जु षज्ज लज्ज सार सु गरुर
(४) ए. कृ. को.-सद्रसि । (५) मो.-रयं । (६) ए.-कद्दल । (७) मो.-सघानं ।

जो चढ़ै सामि पह,पंग कर। तौ सब किंत्ति समप्पनौ ॥
जब लग्गि न्रपति हम हथ्थ है। तब लगि बल सामंत नौ ॥
छं० ॥ २०४९ ॥

पृथ्वीराज का कहना कि तुम लोग अपने बल का गर्व करते हो। मैं मानूंगा नहीं चाहे जो हो।

सुनिय बयन प्रथिराज। रोस बयननि उच्चारिय ॥
ततो होइ तिन बेर। मंत बहु बहु बक्कारिय ॥
तुम सु ग्रब्ब सामंत। मंत जानौ न अमंतं ॥
में भग्गा ग्रिह पंग। लियं ढिल्लौ धर अंतं ॥
सै सामि होइ सिरदार भल। तौ काइर बल राह जित ॥
जौ हथ्थ जीय होइ अप्पनौ। सुरब सेन अरियन्न कित॥ छं०॥ २०५०॥

सामंतों का कहना कि अब भी न मानोगे तो अवश्य हारोगे।

दूहा ॥ सुनि सामंत उचारि न्रिप। बिय दिन जुड्ड उमाह ॥
अब जीतै प्रभु हारिहै। जौ नहि चल्लै राह ॥ छं० ॥ २०५१ ॥

पृथ्वीराज का कहना कि जो भाग्य में लिखा होगा सो होगा।

तब जंगलवै (१) बोलि इह। रे भावी समरथ्थ ॥
जौ पैसै लष पंजरै। अंत चढ़ै जम हथ्थ ॥ छं० ॥ २०५२ ॥

दिशाओं में उजेला होना और पंग सेना का पुनः आक्रमण करना।

चौपाई ॥ सामंत सूर उच्चरि चहुआनं। अचल चित्त अति धीर सु ध्यानं॥
धनि नरिंद सोमेसुर जायौ। मंडी अंमर पंग बर धायौ ॥
छं० ॥ २०५३ ॥
रहि घटि सर निसि बढ़ि तत मानं। चिनदा चरम रही घन पानं॥

(१) ए. कृ. को.-बालि।

बजि दल दुंदुभि पंग निसानं । रत चित सूर हेस रेति मानं ॥
छं० ॥ २०५४ ॥

जैचन्द के हाथी की शोभा वर्णन ।

कवित्त ॥ दिसि पुब्बह पहुपंग । बीर ठट्टौ रचि सेनं ॥
सेत केत गज झंप । सेत दुरि चौर समेनं ॥
सेत धजा आसही । सेत सिंदूक सु हल्ली ॥
सेत अस्व पष्षर प्रमान । नाग मुषी रहि पुल्ली ॥
उज्जल सनाह अस बरन बर । सेत धजा कमधज्ज सब ॥
ओपमा चंद सस्त्रन किरन । कै विगसी सु कलेसु रवि ॥
छं० ॥ २०५५ ॥

सामंतों का घोड़ों पर सवार हो कर हथियार पकड़ना ।

चौपाई ॥ मतौ मंडि सामंत सूर भर । जिहि उपाय संकम्म जतन नर ॥
न्रिप अन जग्गत सबै तुरंग चढ़ि। भान पयान न होत लोह कढ़ि॥
छं० ॥ २०५६ ॥

चहुआन के सरदारों के नाम और उनकी सज धज का वर्णन

कवित्त ॥ चावद्दिसि पहुपंग । बंधि बन बीर सु ठट्टै ॥
रत्त धजा मारूफ । बंधि वामं दिसि गट्टै ॥
पीत धजा दल स्याम । सोह रट्टौ बर कन्हं ॥
सेत धजा पहुबंध । बीर उब्भौ पहु नन्हं ॥
चौबिहि फौज चावद्दिसा । बीर बीर बर बिट्टरै ॥
चिंतयौ भान पयान बर । लोह पयानत बिस्तरै ॥ छं० ॥२०५७॥

प्रातःकाल पृथ्वीराज का जागना ।

दूहा ॥ सुष्य सयन प्रथिराज भौ । तम घटि तम चर बार ॥
घरी एक निसि मुदित हुअ । बजत घरी घरियार ॥ छं०॥२०५८॥

पंगराज का प्रतिज्ञा करना ।

कवित्त ॥ घरिन बजत घरियार । पंग परतंग सु बाहिय ॥

कै तन छंडि तर धरीं। जीति दुरजन दल साहिय॥
उभै उभै दिसि फौज। साजि चतुरंग चलाइय॥
चावद्दिसि चहुआन। चाव चतुरंग हलाइय॥
पायान भान बरज्जित अरि। लोह पयानन मोह भलि॥
दिसि रत्त उत्त धररत्त व्है। सिध समाधि जरद्द धुलि॥छं०॥२०५९॥

प्रातः काल की चढ़ाई के समय पंग सेना की शोभा।

भुजंगी॥ लगी बज्र ताली बजे लोह धुम्मी। घरी एक सिद्धिं समाधिं स भुम्मी॥
किधौं इन्द्र वेतासुरं जुद्ध बीयं। किधौं तारका जुद्ध सुर मस्सि कीयं॥
छं०॥२०६०॥

कहै देव देवाइयं जुद्ध देषी। इसौ बीर अत्तीत भारथ्थ पेषी॥
भयं कब्बि चंदं सबैं बीर सथ्थी। नचै रंग भैरूं ततथ्थे ततथ्थी॥
छं०॥२०६१॥

किलं कार कारं रुधं पत्त धारं। पियै जोगिनी जोग माया डकारं॥
भरै लोह लोहं सबै दिस्सि भारी। नचै सट्ठि चव जोगिनी देत तारी॥
छं०॥२०६२॥

घटं घंट घट्टं सु पिंडं बिचारी। फिरै आदि माया सु आदं कुमारी॥
बहै बान षग्गं छुपिक्का विरंभं। परे बार पारं दुहूं अंग छिद्रं॥
छं०॥२०६३॥

भये छिन्न छिन्नं सनाहंति छिन्नं। रुधी जठ्ठ रंकै तिनं माहि भिन्नं॥
कहै चंद कब्बी 'उपम्माति[1] रुष्षं। मनो उग्गतं भान जाली मउष्षं॥
छं०॥२०६४॥

भये अंग अंगं सु रंगे निनारं। भरं उत्तरे मुगति संसार पारं॥
भयौ जुद्ध कवरुद्ध कथ्थे कथायं। लही सूर सूरं सबं मुगति पायं॥
छं०॥२०६५॥

परे पंग लष्षं उलष्षं सु सथ्थं। तुटै सस्त्र सूरं जुटै हथ्थ बथ्थं॥
छं०॥२०६६॥

(१) मो. उपंमास।

पृथ्वीराज का व्यूहवद्ध होना और गौरंग देव अजमेरपति का मोरचा रोकना ।

कवित्त ॥ उग्गि भान पायान । देव दरबार संघ बजि ॥
सु बर सूर सामंत । [1]गज्जि निक्करे सेन सजि ॥
[2]धर हरि बलि पांवार । अग्ग कीनं प्रथिराजं ॥
ता पच्छै न्रिप कन्ह । सीस मुक्की बढ़ि लाजं ॥
ता पच्छ बीर निड्डूर निडर । ता पच्छै दंपति अयन ॥
गौरंग गरुत्र अजमेरपति । रष्षि न्रपति पछैं सयन ॥छं०॥२०६७॥

पृथ्वीराज की ओर से जैतराव का बाग सम्हालना ।

पच्छ भान पायान । लोह पायान अग्गि कढ़ि ॥
धर हरि धर पांवार । कोट धारह सलष्ष चढ़ि ॥
बज्जि घाइ आहत्त । सार झरि सारह झड्डौ ॥
नभ सु साम सामंत । जानि बीरं जगि अड्डौ ॥
घन देत घत्त अवरत्त असि । उभै सेन बर बर जुटी ॥
घरी अड्ड अध [3]बजि बिषम । भारथ्थह पारथ घटी ॥ छं०॥२०६८॥

पृथ्वीराज का घिर जाना और वीर पुरुषों का पराक्रम ।

